कार्यालय पुलिस नियन्त्रण कक्ष आयुक्तालय जोधपुर

@CP_Jodhpur CP Jodhpur jodhpurpolice 9530440800
https://jodhpurpolice.rajasthan.gov.in

प्रेस नोट
(दिनांक 26.09.2025)

पुलिस आयुक्तालय जोधपुर द्वारा "ऑपरेशन गरिमा" अभियान कार्यक्रमों का आयोजन

पुलिस आयुक्तालय जोधपुर में श्रीमान अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (सिविल राइट्स एवं एएचटी) राजस्थान, जयपुर के आदेश एवं श्री ओम प्रकाश, पुलिस आयुक्त, जोधपुर के निर्देशानुसार महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ होने वाली छेड़छाड़, छिंटाकशी आदि घटनाओं की रोकथाम के लिए महिला सशक्तिकरण और आत्मरक्षा हेतु "ऑपरेशन गरिमा" अभियान का आयोजन दिनांक 16.09.2025 से 30.09.2025 तक किया जा रहा है।

पुलिस आयुक्तालय जोधपुर में श्री शुभ करण एडीसीपीसी (SICAW) पूर्व एवं श्री सुनील के पंवार एडीसीपीसी (SICAW)पश्चिम के सुपरविजन में कालिका पैट्रोलिंग यूनिट द्वारा ऑपरेशन गरिमा के तहत स्कूल/ कॉलेज, कोचिंग सेंटर, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, पार्क एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर महिलाओं/ बालिकाओं के साथ होने वाली छेड़छाड़, छिंटाकशी आदि घटनाओं की प्रभावी रोकथाम एवं स्कूल कॉलेज में छात्र-छात्राओं को महिला एवं बच्चों से संबंधित नवीन कानून की जानकारी प्रदान करने हेतु राज्य व्यापी अभियान ऑपरेशन गरिमा के तहत कार्यवाही करने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

श्रीमान पुलिस आयुक्त महोदय के निर्देशों की पालना में कालिका पैट्रोलिंग यूनिट जिला पूर्व व जिला पश्चिम के प्रभारी अधिकारियों 6-6 भागों में क्षेत्रानुसार बांटकर, दो -दो पारियों में ऑपरेशन गरिमा में अधिकाधिक राजकोप सिटीजन ऐप एवं महिला हेल्पलाइन नंबर 1090 का प्रचार- प्रसार करने हेतु ब्रिफ कर रवाना किया गया।

कालिका पेट्रोलिंग यूनिट द्वारा स्कूल, कॉलेज, कोचिंग सेंटर, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, पार्क और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर ऑपरेशन गरिमा अभियान के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । जिसके अंतर्गत महिलाओं और बालिकाओं को राजकोप सिटीजन ऐप डाउनलोड करने व उपयोग और 1090 हेल्पलाइन की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही नवीन कानूनों और आत्मरक्षा के उपायों की जानकारी स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्राओं को दी गई।

आयुक्तालय जोधपुर में कालिका पेट्रोलिंग यूनिट द्वारा राजकोप सिटीजन ऐप एवं महिला हेल्पलाइन नंबर 1090 की जानकारी पुरुष/ महिला /बालिकाओं को देने की कुल संख्या **11268** तथा राजकोप सिटिजन एप डाउनलोड करवाने की कुल संख्या **2558** है।

पुलिस आयुक्त श्री ओम प्रकाश महोदय द्वारा कहा गया कि, "ऑपरेशन गरिमा अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को न केवल सुरक्षा प्रदान करना है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना भी है। पुलिस का यह प्रयास समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान और सुरक्षा की भावना को बढ़ावा देगा।"

"ऑपरेशन गरिमा" अभियान ने महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक करने, छेड़छाड़ और छिंटाकशी जैसी घटनाओं को रोकने, तथा उन्हें आत्मरक्षा के उपायों की जानकारी देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

प्रभारी

पुलिस नियंत्रण कक्ष

आयुक्तालय जोधपुर

पुलिस अनुसंधान, जोधपुर
बालिका – जन सहभागिता मीटिंग
(KPU-11)

PUBLIC SCHOOL